# Office of the Principal
# Govt. Veer Gend Singh College, Pakhanjore
## Distt.-U.B. Kanker (Chhattisgarh)

Web: www.govtcollegepakhanjore.in E-mail: govtcollegepakhanjore2@gmail.com
Tele/Fax: 07843-299009


**Suggestions:**

There are following suggestions raise by the students during the feedback procedure conducted and collected by the college:

- Canteen facility should be given in the college campus
- College building should not be taken over by the election commission.
- Library building should be extended.
- Special attention should be given to cleanliness especially in the toilets.
- Students should be encouraged to participate in the sports.
- More co-curriculums and extra curriculums activities should be held in the college.
- Number of computer should be increased in the college.
- Fresh drinking water facility should be provided in the college campus.
- Parking facility should be provided in the college campus for students.
- Sitting arrangement should be provided in the college for students as well as parents.
- New books should be made available according to syllabus in the college library.
- Syllabus should be completed in the time.
- Stage for the culture program.

## Action Taken Report

| S. N | SUGESSTIONS | ACTION TAKEN |
|---|---|---|
| 1. | Canteen facility should be given in the college campus | Canteen will be opened next year |
| 2. | College building should not be taken over by the election commission | For the year 2023-24 election, college will not be taken over by the election commission. |
| 3 | Special attention should be given to cleanliness especially in the toilets. | Sweeper is appointed to keep the toilets and premises neat and clean. |
| 4. | Students should be encouraged to participate in the sports. | After appointment of sport officer students are get selected in national and international level events. |
| 5 | More co-curriculums and extra curriculums activities should be held in the college | After the Corona period, college is organizing other activities in full swing. |
| 6 | Number of computer should be increased in the college | Same has been reported to the principal. |
| 7 | Fresh drinking water facility should be provided in the college campus. | Water cooler will be installed in the college next year |
| 8 | Parking facility should be provided in the college campus for students | Same reported to the principal |

प्राचार्य
शास. वीर गेंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर
जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

| | | |
|---|---|---|
| . | Sitting arrangement should be provided in the college for students as well as parents. | Same has been reported to the principal |
| 10 | Syllabus should be completed in the time. | Almost every teacher in the college complete of their subjects. |
| 11 | Permanent Stage for the culture program. | Same has been reported to the principal |

IQAC in-charge

प्राचार्य
शास. वीर गेंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर
जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)
Principal

# Action Taken Report

## 1. Canteen facilities in the college campus

**जनभागीदारी समिती**
शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजुर
जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

क्र. 2601 दिनांक 07/12/23

नाम संतोषी चौहान
कक्षा ........ रुपये 5,000
की रकम निम्नानुसार प्राप्त हुई –

| | | |
|---|---|---|
| 1. महाविद्यालयीनविकास शुल्क | 5,000 | |
| 2. पुस्कालय विकास शुल्क | | |
| 3. प्रयोगशाला शुल्क | | |
| 4. परीक्षा में बैठने अनुमति हेतु | | |
| 5. अन्य | | |
| | 5000 | |

शब्दों में पाँच हजार रु० मात्र

हस्ताक्षर

...य प्राचार्य/पदेन सचिव
...ालय, पखांजूर जिला–उ.ब. कांकेर (छत्तीसगढ़)

पखांजूर, दिनांक/07/12/2023

...केर

...संचालन विषयक ।

... आपके द्वारा महाविद्यालय में कैंटीन संचालन हेतु सहमति ...द्यालय में गठित जनभागीदारी समिति के निर्णय एवं अनुमोदन ...न संचालन की अनुमति प्रदान की जाती है :–

...विद्यालयीन समयानुसार ही संचालित किया जावेगा ।
...र की स्वच्छता एवं सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए ।
... का ही कैंटीन में विक्रय किया जावेगा ।
...ओं एवं स्टाफ के अतिरिक्त बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश निषेध रहेगा ।

5. तंबाकू, गुटका एवं अन्य नशीले पदार्थों का विक्रय कैंटीन में प्रतिबंधित रहेगा ।
6. छात्र/छात्राओं की सुविधा हेतु कैंटीन प्रारंभ किया गया है अतः खाद्य पदार्थों का विक्रय उचित मूल्य पर किया जावे ।
7. महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति मद में रू. 5,000.00 (अमानती राशि) एवं प्रति माह 500.00 (पाँच सौ) जमा किया जाना होगा ।

प्राचार्य/पदेन सचिव
जनभागीदारी समिति
शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय
पखांजूर, जिला–उ.ब. कांकेर

Principal
Govt.College Pakhanjore
Distt-N.B.Kanker(C.G.)

**कार्यालय प्राचार्य / पदेन सचिव**
**शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय, पखांजूर जिला–उ.ब. कांकेर (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक /375/ स्था. / 2023 पखांजूर, दिनांक /07/12/2023

प्रति,

श्रीमती संतोषी चौहान
सी.एस.ई.बी. कॉलोनी
पखांजूर, जिला–उ.ब. कांकेर
(छत्तीसगढ़)

विषय :– महाविद्यालय का कैंटीन संचालन विषयक ।

–00–

विषयांतर्गत लेख है कि आपके द्वारा महाविद्यालय में कैंटीन संचालन हेतु सहमति प्रदान की गई है । अतः आपको महाविद्यालय में गठित जनभागीदारी समिति के निर्णय एवं अनुमोदन अनुसार निम्नांकित शर्तों के तहत कैंटीन संचालन की अनुमति प्रदान की जाती है :–


1. कैंटीन संचालन का समय महाविद्यालयीन समयानुसार ही संचालित किया जावेगा ।
2. कैंटीन एवं महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए ।
3. ताजे एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थों का ही कैंटीन में विक्रय किया जावेगा ।
4. महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं एवं स्टाफ के अतिरिक्त बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश निषेध रहेगा ।
5. तंबाकू, गुटका एवं अन्य नशीले पदार्थों का विक्रय कैंटीन में प्रतिबंधित रहेगा ।
6. छात्र / छात्राओं की सुविधा हेतु कैंटीन प्रारंभ किया गया है अतः खाद्य पदार्थों का विक्रय उचित मूल्य पर किया जावे ।
7. महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति मद में रू. 5,000.00 (अमानती राशि) एवं प्रति माह 500.00 (पॉच सौ) जमा किया जाना होगा ।

प्राचार्य / पदेन सचिव
जनभागीदारी समिति
शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय
पखांजूर, जिला–उ.ब. कांकेर

Principal
Govt College Pakhanjore
Distt-N.B.Kanker(C.G.)


Mother's Cafe
Make Your Craving MORE . . .
GPS Map Camera
Pakhanjur, Chhattisgarh, India
Sangam Rd, Pakhanjur, Chhattisgarh 494776, India
Lat 20.029031°
Long 80.635218°
13/01/24 03:15 PM GMT +05:30
Google


Mother's Cafe
Make Your Craving MORE . . .
(प्रति प्लेट)
1. चाय– 5/–
2. कॉफी– 10/–
3. मसाला डोसा– 30/–
4. कटिंग डोसा– 35/–
5. इडली– 20/–
6. सांभर बड़ा– 20/–
7. बड़ा– 20/–
8. दही बड़ा– 20/–
9. समोसा–20/–
10. दही समोसा–30/–
11.छोले भटुरे –30/–
12. सेंडविच–30/–
विशेष– बर्थडे केक उपलब्ध है।


GPS Map Camera
Pakhanjur, Chhattisgarh, India
2JHM+6M7, Pakhanjur, Chhattisgarh 494776, India
Lat 20.029043°
Long 80.635207°
13/01/24 03:16 PM GMT +05:30
Google






## 2. Special attention should be given to cleanliness









## 3. <u>Students should be encouraged to participate in the sports</u>








Live MPCG

हमारा लक्ष्य जनसरोकार

LIVEMPCG.IN

Home / पखांजुर : पखांजूर महाविद्यालय के तीन विद्यार्थियों का अंतर विश्वविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता मैंगलोर कर्नाटक के लिए चयन...







CG NEWS KANKER PAKHANJORE NEWS

## पखांजुर : पखांजूर महाविद्यालय के तीन विद्यार्थियों का अंतर विश्वविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता मैंगलोर कर्नाटक के लिए चयन....

December 13, 2023 / Debasish Biswas

पखांजूर@.....डेस्क livempcg.in अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एनापोया विश्वविद्यालय मैंगलोर कर्नाटक में हो रही है जिसमें शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए पखांजूर महाविद्यालय के तीन विद्यार्थियों जीत विश्वास, सुमंत हालदार, सुरेश वड्डे 11 से 15 दिसंबर तक कर्नाटक में फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय से प्रतिभावान 20 विद्यार्थियों का चयन किया गया है जो अपने खेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन करेंगे। क्रीड़ा अधिकारी रघुवर सिंह ध्रुव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अलग-अलग विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे । इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य डी एल बढ़ाई और समस्त महाविद्यालय परिवार ने बधाई एवम शुभकामनाएं दिए ।






Sports Activity during 2019-20 / 2022-23

3.3.3 Number of awards/medals for outstanding performance in sports/cultural activities at university/state/national / international level (award

| Year | Name of the award/ medal | Team / Individual | University/State/National/ International/institute | Sports/ Cultural | Name of the student |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019-20 | Layong layor compitition | Team | State (university) | Cultural | 1.Monika Ray<br>2.Parul<br>3.Jaya Sana |
| 2020-21 | Covid- 19 | – | – | – | – |
| 2021-22 | Covid- 19 | – | – | – | – |
| 2022-23 | **Chess (male)** | individual | **State/ University** | Sports | 1.Santosh Barman<br>2.Sumant malik |
| | **Chess (female)** | individual | **State/ University** | sports | Neha vishwas |
| 2022-23 | **Valleyball** | **Team** | **State/ University** | **sports** | Dinesh kumar Nuruti |

प्राचार्य
शा. वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर




दैनिक भास्कर कांकेर 12-12-2023

## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में दिनेश का हुआ चयन

पखांजूर| शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर के छात्र दिनेश नुरूटी का सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते चयन राज्य स्तर के लिए किया गया है। 11 से 12 दिसंबर को साइंस कालेज बिलासपुर में दिनेश नुरूटी शहीद महेंद्रकर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## 4. More co-curriculums and extra curriculums activities should be held in the college

### शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय द्वारा ग्राम माटोली में लगाया एनएसएस शिविर 09.12.2023




**बिप्लब कूण्डु पखांजूर-कांकेर( दैनिक अमर स्तम्भ )** शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 7 से 13 दिसंबर तक ग्राम माटोली में एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम अधिकारी रोशन डोंगरे ने बताया शिविर में स्वयं सेवकों के द्वारा 7 दिन तक गांव में स्वच्छता,साफ-सफाई, योगा,सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम के अंधविश्वास को दूर करने,शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। इसके आलावा लोगों की समस्याओं को समझेगे और कैसे दूर कर सकते इस पर चर्चा की जाएगी। इसमें प्रमुख रूप से सरपंच चंद्रवीर मराई,प्राचार्य डी एल बढ़ाई,गोपेश दास साहू, देवसिंह कंवर,नाहिद परवीन,ग्राम के गणमान्य नागरिक,महाविद्यालय परिवार और स्वयं सेवक आदि उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर **कांकेर** 13-12-2023

जागरूकता • वीर गैंद सिंह कॉलेज माटोली में 10 दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन

### स्वयंसेवकों व ग्रामीणों को दी कानूनी जानकारी

भास्कर न्यूज़ | पखांजूर

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पंखाजुर में ग्राम माटोली में 10 दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बौद्धिक परिचर्चा के दौरान विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंखाजुर व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश रविकुमार कश्यप ने छात्रों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी जन उपयोगी कानूनों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर छात्रों के साथ ग्रामीणों ने भी उपस्थित अधिवक्ताओं से सवाल पूछे। इस अवसर पर ग्राम माटोली में विधिक साक्षरता के साथ-साथ सामान्य जनों के लिए जन उपयोगी कानूनों के संबंध में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंखाजुर व्यवहार न्यायालय के न्यायधीश रवि कुमार कश्यप व पंखाजुर न्यायालय के कई अधिवक्ता उपस्थित हो विविध जन उपयोगी कानूनों के संबंध में जानकारी दी।

कश्यप ने छात्रों को निशुल्क कानूनी सहायता के लिए न्यायालय द्वारा की गई व्यवस्था के संबंध में सभी को जानकारी देते हुए मोटर व्हीकल अधिनियम, तथा घरेलू हिंसा के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

वहीं अधिवक्ता गिरीश परमानिक ने भी शासन की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ बाल विवाह रोकथाम, राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच चंद्रवीर मराई, कार्यक्रम अधिकारी रोशन डोंगरे, प्रो गोपेश दास साहू, नाहिदा परवीन, अरविंद हालदार, राकेश भारती आदि उपस्थित रहे।



पखांजूर। कॉलेज के छात्रों को दी गई कानूनी जानकारी।

दैनिक भास्कर **कांकेर** 09-12-2022

### गैंदसिंह कॉलेज में रक्तदान शिविर छात्रों को बताए फायदे, किया प्रेरित

भास्कर न्यूज़ | पखांजूर

शासकीय वीर गैंदसिंह महाविद्यालय पखांजूर में एचडीएफसी बैंक व वंदना अस्पताल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वंदना अस्पताल की डॉक्टर वंदना गार्डिया, मेडिकल ऑफिसर अखिलेश पटेल, ब्लड सेंटर टेक्नीशियन एवं अन्य मेडिकल स्टाफ की मौजूदगी में एचडीएफसी बैंक के कर्मचारियों के अलावा छात्रों ने रक्तदान किया। डॉ. वंदना गार्डिया ने छात्र-छात्राओं को रक्तदान का महत्व एवं लाभ की जानकारी दी। उन्होंने कहा किसी बीमार को अगर रक्त की जरूरत है, तो उसे रक्त चढ़ाना और इसके लिए रक्त दान से ही मिल सकता है। इसका कोई और विकल्प नहीं हैं। ऐसे में अधिक से अधिक लोग रक्तदान करें, ताकि जरूरतमंद बीमारों को समय पर रक्त मिल सके। ऐसा कर हम कई लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं।



रक्तदान करते हुए कॉलेज के छात्र।

दैनिक भास्कर **कांकेर** 12-12-2022

रायपुर, सोमवार, 12 दिसंबर, 2022 | 11

### गैंदसिंह कॉलेज में छात्रों को दी गई मानव अधिकार की जानकारी



पखांजूर। गैंदसिंह कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं।

भास्कर न्यूज़ | पखांजूर

शासकीय वीर गैंदसिंह महाविद्यालय पखांजूर में माव नअधिकार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पखांजूर थाना के एसआई एसके यादव थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मानव अधिकार दिवस के संबंध में बताते हुए राजमर्रा के लिए उपयोगी नियमों की भी जानकारी दी। कॉलेज के सहायक प्राध्यापक शैलेंद्र कुमार ने कहा मनुष्य के कुछ मूलभूत अधिकार हैं। इसमें नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि किसी भी दूसरे कारण के आधार पर वंचित नहीं किया जा सकता। सभी मनुष्य को गरिमा और अधिकारों के मामले में जन्मजात स्वतंत्रता और समानता प्राप्त है।

सहायक प्राध्यापक डोंगेश्वर साहम ने अपराध, भ्रष्टाचार, विदेशी अतिक्रमण, शस्त्रों की तस्करी आतंकवाद, असहिष्णुता, रंगभेद, धार्मिक कट्टरता आदि बुराईयों के बारे में बताते हुए इसके निर्मूलन के संबंध में जानकारी दी। अतिथि शिक्षक देवसिंह कंवर ने भी मनाव अधिकार दिवस 2022 के लिए इस वर्ष की दी गई थीम गरिमा स्वतंत्रता और सभी के लिए न्याय के संबंध में चर्चा की।

कार्यक्रम में रोशन कुमार डोंगरे, गोपेश दास साहू, टोमेश्वर साहू, नोहरूराम निषाद, प्रज्ञा कश्यप, अंजुमन बानो, नहिद परवीन, देवाशीष विश्वास, अमित पाल, कमलेश टेंबुलकर आदि उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर कांकेर 01-01-2024

# वीर बाल दिवस पर हुआ भाषण व प्रश्नोत्तरी स्पर्धा का आयोजन

भास्कर न्यूज़ | पखांजूर

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाषण, निबंध और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. शैलेंद्र ने साहेब जादे वीर जोरावर सिंह और फतेह सिंह के कुर्बानी को याद करते हुए विस्तार पूर्वक चर्चा किए। प्रो नाहिद परवीन ने कहा 20 दिसम्बर 1705 को गुरु गोबिंद सिंह ने सिखों और परिवार के साथ मुगल सेना के साथ संघर्ष करते हुए आनंदपुर साहिब को छोड़ा। सरसा नदी पार करते-करते कई झड़पें हुई, जिसमें कई सिक्ख मारे गए। पांच सौ में से केवल चालीस सिक्ख बचे जो गुरु साहिब के साथ रोपड़ के समीप चमकौर की गढ़ी में पहुंच गए। सरसा नदी की बाढ़ के कारण गुरु गोबिंद सिंह का परिवार काफिले से बिछड़ गया। माता गुजर कौर के साथ उनके दो छोटे पोते, अपने रसोइये गंगा राम के साथ आगे बढ़ते हुए रास्ता भटक गईं। नाम के लालच में बच्चों को पकड़वा दिया। कार्यक्रम में साहिबजादों की कुर्बानियों को याद किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो आरएस औरसा, देवसिंह कंवर, गोपेश दास साहू, अमित पाल, हनीस यादव आदि उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर कांकेर 01-01-2024

दैनिक भास्कर, रायपुर, सोमवार, 1 जनवरी, 2024 | 16

# कॉलेज में विकसित भारत 2047 को लेकर हुए विविध स्पर्धाएं



पखांजूर। विकसित भारत को लेकर बनाई रंगोली।

भास्कर न्यूज़ | पखांजूर

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में विकसित भारत 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में कार्यशाला, भाषण, निबंध और वाद विवाद, प्रश्नोत्तरी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रो शैलेंद्र ने विकसित देशों में स्थिर अर्थव्यवस्था, सभ्य जीवन स्तर, बेहतर जीवन प्रत्याशा होती है।

भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया, जो कि 2047 में जब भारत अपना 100वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा, तब तक एक विकसित राष्ट्र बनना है। प्रो देवसिंह कंवर ने बताया विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। प्रो आरएस औरसा ने विकसित भारत पर अपने विचार रखते हुए सभी विद्यार्थियों को अपने आइडिया फीडबैक के रूप भरने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रो. गोपेश दास साहू, अमित पाल, नाहिद परवीन, देवाशीष विश्वास, अंजुमन बानो, कमलेश टेबुलकर, संतोष मरकाम, हनीस यादव आदि उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर कांकेर 02-12-2022

# एड्स दिवस पर कॉलेज में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



पखांजूर। कॉलेज में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक।

भास्कर न्यूज़ | पखांजूर

विश्व एड्स दिवस पर पखांजूर सिविल अस्पताल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर पखांजूर सिविल अस्पताल परिसर में रंगोली और कैंडल जला एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

इस वर्ष का थीम समानता सभी का अधिकार चाहे वह एचआईवी संक्रमित ही क्यों न हो दिया गया है। इसी के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया और इसी विषय पर शासकीय महाविद्यालय पखांजूर में परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने इस विषय पर भाषण तथा कविता की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सिविल अस्पताल पखांजूर के डॉक्टरों व अन्य स्टॉफ द्वारा एचआईवी के संबंध में जानकारी दी। एड्स से बचाव, होने के कारण, जांच तथा उपचार के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल के डॉ. प्रभाष टोप्पो, डॉ. संजीव बैष्णव, डॉ. प्रमिला टोप्पो, काउंसलर ज्योति भास्कर, विजय टेम्भरे, अनिल स्वर्ण, एमएस कुरैशी, दुर्गेश राठौर, देवव्रत खोबागढ़े आदि उपस्थित थे।

# Sveep events




# कॉलेज में मतदान को लेकर हुई कार्यशाला

पखांजूर| शासकीय वीर गेंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में जिला प्रशासन द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अंतागढ़ तहसीलदार उमेश चौहान और प्रणव कीर्तनिय थे।

इस दौरान नए मतदाता को नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6, 7, 8, वोटर हेल्पलाइन, टोल फ्री नंबर 1950 और लोकतंत्र में अपने मत के प्रयोग पर विद्यार्थियों को जानकारी व मार्गदर्शन दिया गया। युवा विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मॉक पोल कराया गया, जिसमें अपने पसंद के प्रत्याशी को अपना वोट दे सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक आरएस औरसा, शैलेंद्र गढ़ेवाल, डीके साहू, स्वीप कार्यक्रम के नोडल देवाशीष विश्वास, कैंपस एंबेसडर धन सिंह यादव, रितु हालदार उपस्थित थे।



डेमो मतदान करती छात्रा।

# वीर गैंदसिंह कॉलेज की बिटिया आग्रह टोली ने मतदाताओं को किया जागरूक

पखांजूर। स्वीप कार्यक्रम के तहत शासकीय वीर गैंदसिंह महाविद्यालय के बिटिया आग्रह टोली द्वारा ग्राम घोड़ागांव में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत घर-घर पहुंच लोगों से विधानसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की।



पखांजूर। बिटिया आग्रह टोली ने मतदाताओं से मतदान करने की अपील।

छात्राओं ने लोगों से कहा यह आपका अधिकार है और इसका वे प्रयोग करें और देश के लोकतंत्र को मजबूत करें। जनपद सीईओ राहुल रजक ने कहा की नए मतदाताओं को नाम जोड़ने के लिए वर्तमान में अभियान चल रहा है, जिसमें नए मतदाता अपने बीएलओ के माध्यम से नाम काटा- जोड़ा और संशोधित कर सकते हैं। इस दौरान कोई नया मतदाता न छूटे इसके लिए बीएलओ भी अपने मतदान केंद्र में सक्रिय है। इसके साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है, ताकि लोग स्वयं भी इस कार्य में अपना सहयोग करें। इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक आरएस औरसा, शैलेंद्र गढेवाल, डीके साहू, आरएस ध्रुव, अंजुमन बनो, स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी देवाशीष विश्वास, धनसिंह यादव, रितु हालदार सहित महाविद्यालय के कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## तम्बाकू मुक्त जागरूकता अभियान



<u>सविधान दिवस पर सविधान के उद्देशिका का वाचन</u>



## बाबा साहब के सपनों का भारत बनाने का लिया संकल्प



अमन पथ न्यूज

पखांजूर । शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में संविधान दिवस पर डॉ . भीमराव राव अम्बेडकर के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आर एस औरसा ने कहा संविधान हमारी सांस्कृतिक विरासत, शाश्वत मूल्यों एवं आदर्शों का पवित्र ग्रंथ है। यह हमारे अधिकारों का स्त्रोत है, जो हमें अपने दायित्वों का बोध भी कराता है। शैलेन्द्र ने बताया कि संविधान एक राष्ट्रीय भावना है, जो विविधता में एकता स्थापित करती है । भारत का संविधान जनता की आशाओं, अपेक्षाओं और उम्मीदों को साकार करने के लिए मार्गदर्शक है। डी के साहू ने कहा भारत के संविधान निमार्ता डा० बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर और सूत्रधार राष्ट्र के मनीषियों को कोटि-कोटि नमन। जिन्होंने समता, समानता, बंधुता और मानवता के मूलमंत्र को सांविधानिक रुप दिया। महाविद्यालय में विद्यार्थियों और स्टाफ ने संविधान के उद्देशिका का वचन किया गया ' इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापक रोशन डोंगरे ।

# WORLD AIDS DAY









5. **<u>Fresh drinking water facility should be provided in the college campus</u>**.

**<u>Our institute have two water cooler with R.O in each floor</u>**












## 6. <u>Parking facility should be provided in the college campus for students</u>

## <u>Staff Parking</u>



## Students Parking




## Students parking



## 7. Sitting arrangement should be provided in the college for students as well as parents.









## 8. <u>Permanent Stage for the cultural program.</u>






2024